[Reg. No. 141/98-99] Tel. 9798242235

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

# लोक शिक्षा समिति, बिहार

एम्बैसडर पैलेस, कलमबाग चौक, मुजफ्फरपुर-842002

E-mail– lokshiksha@gmail.com website– lokshikshasamiti.org

प्रांतीय पत्रक-09/5125 2080 विक्रमी दिनांक-13/01/2024

मान्यवर/मान्या,

सादर वन्दे!

न हि कश्चित्यक्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत!

कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृति जैर्गुणैः।।

**भावार्थ**– कोई भी मनुष्य किसी भी काल में थोड़े वक्त के लिए भी कर्म किए बिना नहीं रह सकता। क्योंकि प्रकृति की रचनानुसार प्रत्येक मनुष्य हर क्षण में कर्म करने के लिए बाध्य होता है।

कुशलोपरांत शीत ऋतु की कंपकपाती ठंड और प्रकृति के परिवर्तन के साथ ही आप सब कर्म पथ के पथिक विकासोन्मुख होकर कर्मयोग में सत्वर रूप से गतिमान होंगे। हमारी विकासोन्मुख गति सतत् बनी रहे एतदर्थ कुछ करणीय कार्य आपके निमित्त प्रेषित है–

## विषयानुक्रम

**संपन्न कार्यक्रम**

1. प्रांतीय बालिका शिक्षा कार्यशाला सह मातृ पुत्री सम्मेलन
2. भारतीय भाषा महोत्सव
3. राष्ट्रीय गणित दिवस
4. प्रांतीय संगणक एवं E-पाठशाला विषयक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग

**आगामी कार्यक्रम**

1. राष्ट्रीय युवा दिवस
2. श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ न्यास क्षेत्र
3. प्रांतीय अंग्रेजी, हिन्दी, घोष विषयक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग
4. प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन–2024

**अन्यान्य**

1. विद्यालय संचिका व्यवस्था
2. आचार्य कल्याण कोष
3. वार्षिक परीक्षा प्रश्नपत्र शुल्क प्रेषण
4. साप्ताहिक मूल्यांकन
5. पूर्व छात्र पंजीयन
6. मासिक तलपट
7. बकाया राशि

## संपन्न कार्यक्रम

1. **प्रांतीय बालिका शिक्षा कार्यशाला सह मातृ पुत्री सम्मेलन :** दिनांक 28 से 30 नवंबर, 2023 तक कुल 08 सत्रों में यह कार्यशाला सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, थाना चौक, पूर्णिया में संपन्न हुई। इस कार्यशाला में 34–महिला आचार्य, मैत्रेयी छात्रावास से–50 एवं स.वि.मं. गुलाबबाग, पूर्णिया की 20 बहनें सम्मिलित हुई। बालिका शिक्षा के अखिल भारतीय अधिकारी सह संयोजिका श्रीमती सुनीता पाण्डेय जी, प्रांतीय बालिका शिक्षा प्रमुख शर्मीला कुमारी, प्रदेश सचिव, प्रदेश सह सचिव, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. तारण राय, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा आनंद जी के मार्गदर्शन में कार्यशाला संपन्न हुआ।

साथ ही दिनांक 01 दिसंबर, 2023 को सरस्वती विद्या बाघमारा, पूर्णिया में तथा दिनांक 02 दिसंबर, 2023 को श्रीरानी सरस्वती विद्या मंदिर, फारबिसगंज में माता–पुत्री सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें स.वि.मं.बाघमारा, पूर्णिया में माता–पुत्री की सहभागिता–1000 तथा श्रीरानी स.वि.मं. फारबिसगंज में माता–पुत्री की सहभागिता–1500 रही। इन दोनों कार्यक्रम में श्रीमती सुनीता सिन्हा, श्रीमती सिम्मी वर्मा, डॉ. नेहा राज, प्रसिद्ध महिला चिकित्सक सह समाज सेविका डॉ. अनुराधा सिन्हा, पूर्णिया विद्यालय के सचिव श्री अजय कुमार सिंह जी तथा प्रदेश सह सचिव श्री रामलाल सिंह जी का भी मार्गदर्शन हुआ।

2. **भारतीय भाषा महोत्सव :** अनुलग्नक–01 के अनुसार शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रायोजित भाषा महोत्सव सभी विद्यालयों में दिनांक 11 दिसंबर, 2023 को आयोजित किया गया। संपन्न कार्यक्रम का संख्यात्मक वृत्त प्रांत कार्यालय को शीघ्र प्रेषित कर दें।
3. **राष्ट्रीय गणित दिवस :** भारत के महान वैज्ञानिक श्रीनिवास रामानुजन जयंती 22 दिसंबर, 2023 को प्रत्येक विद्यालयों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम और संख्यात्मक वृत्त प्रांत को प्रेषित करें।
4. **प्रांतीय संगणक एवं E–पाठशाला विषयक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग :** यह प्रशिक्षण वर्ग भारती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सदातपुर, मुजफ्फरपुर में संपन्न हुआ। 08 विभागों की संख्यात्मक विवरण इस प्रकार है– **E-**पाठशाला–14 प्रतिभागी, संगणक–28 प्रतिभागी, कुल 08 प्रशिक्षक, महाविद्यालय एवं विद्यालय–02 तथा प्रांतीय अधिकारी–05 रही। कुल योग–57 की उपस्थिति रही।

## आगामी कार्यक्रम

1. **राष्ट्रीय युवा दिवस :** स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी, 2024 के शुभ अवसर पर प्रत्येक विद्यालय में पूर्व छात्रों के निमित्त कार्यक्रम आयोजन कर संख्यात्मक वृत्त प्रांत कार्यालय को प्रेषित करें। विद्यालय स्तर पर पूर्व छात्र परिषद का गठन भी करें।
2. **श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ न्यास क्षेत्र :** 500 वर्षों के अथक संघर्ष के बाद सनातन राष्ट्र भारत के आराध्य भगवान श्रीराम का भव्य एवं दिव्य नव–निर्मित मंदिर में प्राण–प्रतिष्ठा कार्यक्रम निर्धारित है। इस शुभ समय में दिनांक–22 जनवरी, 2024 को विद्यालय स्तर पर, सामाजिक स्तर पर तथा पारिवारिक स्तर पर अनेक कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। इसका आयोजन कर राष्ट्रभक्ति के इस पुनीत कार्य में हम सबकी सहभागिता हो, ऐसी प्रभावी योजना बनावें।
3. **प्रांतीय अंग्रेजी, हिन्दी, घोष विषयक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग :** यह प्रशिक्षण वर्ग दिनांक–27 से 31 जनवरी, 2024 तक शिवालय आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, विष्णुपुर, बघनगरी में होने वाली थी। किंतु अपरिहार्य कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया है।
4. **प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन 2024 :** लोक शिक्षा समिति, उत्तर बिहार का प्रधानाचार्य सम्मेलन वार्षिक कार्ययोजनानुसार दिनांक–15 से 18 फरवरी, 2024 को निर्धारित था, किंतु कतिपय कारणों से अब यह सम्मेलन दिनांक–08 से 11 फरवरी, 2024 (गुरुवार से रविवार) तक महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता, सीवान में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क–रुपये 1000/– प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। इसके निमित्त पूर्व तैयारी एवं पूर्ण तैयारी अपेक्षित है। जनवरी–2024 में प्रांत द्वारा भेजे गए सभी प्रपत्र को पूर्ण कर लावें तथा विभागशः .ppt के द्वारा वृत्त प्रेषण होना है, इसके निमित्त तैयारी अपेक्षित

है। आगमन प्रथम दिवस दोपहर भोजनपूर्व तथा अंतिम दिवस दोपहर भोजनोपरांत अवकाश हो सकेगा। दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री साथ लेकर आवें।

## अन्यान्य

1. **विद्यालय संचिका व्यवस्था :** ''विद्यालय विकास यात्रा'' के निमित्त सभी विद्यालय में ''लेखागार'' की व्यवस्था बनाना और इस ''लेखागार'' की देख–रेख हेतु एक प्रमुख आचार्य को निर्धारित करना है। –शिशु लेखा, आचार्य लेखा, आय–व्यय लेखा, स्थायी वस्तु संग्रह पंजी अर्थात् सभी प्रकार की संचिकाओं के साथ–साथ विद्यालय के निर्माण से लेकर वर्तमान समय तक का संपूर्ण इतिहास की लेखन सामग्री, छाया चित्र, समाचार की छाया प्रति आदि को इस ''लेखागार'' में सुरक्षित रखें तथा ''विद्यालय विकास यात्रा'' में सहभागी बनें।
2. **आचार्य कल्याण कोष :** सत्र 2024–25 से आचार्य कल्याण कोष हेतु सदस्यता राशि रुपये 500/– होगी। 01 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2024 तक रुपये 500/– प्रति सदस्य की दर से राशि प्रांत को प्रेषित करें। प्रांत द्वारा दिए गए आचार्य कल्याण कोष के आचार्य विवरण प्रपत्र– नाम, कल्याण संख्या के साथ राशि प्रेषित कर प्रदेश कार्यालय में संबंधित कार्यकर्ता को सूचित करें।
3. **वार्षिक परीक्षा प्रश्नपत्र शुल्क प्रेषण :** सत्र 2023–24 की वार्षिक परीक्षा हेतु संख्या एवं शुल्क समय से ऑनलाइन https://software.lokshikshasamiti.org.in पर जाकर अपने–अपने परीक्षा की संख्या को भरें तथा इसी के द्वारा परीक्षा की राशि को भी ऑनलाइन प्रेषित करें तथा प्रदेश कार्यालय में संबंधित कार्यकर्ता को सूचित करें।
4. **साप्ताहिक मूल्यांकन :** विद्यालय की शैक्षिक उन्नयन की दृष्टि से विद्यालय स्तर पर कक्षाशः, विषयशः 'साप्ताहिक मूल्यांकन' हो, ऐसी अपेक्षा है। इस मूल्यांकन को प्रभावी एवं उद्देश्यपूर्ण बनाने की आवश्यकता है, ताकि आचार्य/प्रधानाचार्य का भी मूल्यांकन किया जा सके।
5. **पूर्व छात्र पंजीयन :** पूर्व छात्रों का पंजीयन नियमित रूप से पोर्टल vidyabhartialumini.org/alumini/registar पर होता रहे और इनकी संख्या बढ़ती रहे, ऐसी अपेक्षा है। साथ ही पूर्व छात्र पंजी में इनकी जानकारी अंकित करते रहें। विद्यालय स्तर पर पूर्व छात्र परिषद् का गठन हो।
6. **मासिक तलपट :** प्रत्येक माह का मासिक तलपट बने एवं प्रांत को प्रेषित किया जाये।
7. **बकाया राशि :** सभी विद्यालय से आग्रह है कि परीक्षा, पत्रिका, गतिविधि शुल्क तथा अन्य बकाये राशि का प्रेषण यथा शीघ्र करने का कष्ट करें।

**यह पत्रक ई–मेल के माध्यम से भेजी जा रही है। प्रधानाचार्य जी इस पत्रक को कृपया अपने सचिव महोदय के अवलोकनार्थ व समिति बैठक में सूचनार्थ संप्रेषित करेंगे तथा अपने आचार्य बंधु–भगिनी को भी अवलोकन कराकर इसके क्रियान्वयन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।**

**इसी विश्वास व मंगलकामनाओं के साथ–**

**(मुकेश नंदन)**
**प्रदेश सचिव**